**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**01.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19.45 बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– आर.एस.एस. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा– प्रदेश की जनता के हक लूट रही है कांग्रेस सरकार।
- वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए रोगी मित्र योजना लाएगी राज्य सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–विकास के नाम पर सिर्फ मित्रों और कांग्रेस नेताओं के परिवारों का विकास कर रही है प्रदेश सरकार।
- शारदीय नवरात्रों के अंतिम दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़–राज्यपाल मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं ने प्रदेशवासियों को दी विजय दशमी की शुभकामनाएं।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**पीएम–आरएसएस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आर.एस.एस. के शताब्दी समारोह में भाग लिया। शताब्दी समारोह आर.एस.एस. की विरासत, संघ के सांस्कृतिक योगदान और देश की एकता में संघ की भूमिका को दर्शाता है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि आर.एस.एस. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्र सेवा और समाज को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करते रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल विजयादशमी का पर्व है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है।

**जे.पी. नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि जहां एक ओर देशभर में जीएसटी बचत उत्सव की धूम है वहीं दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार जनता पर टैक्स का बोझ लाद रही है। नड्डा ने आज एक बयान में इस बात पर हैरानी जताई कि हिमाचल में बनने वाला सीमेंट पड़ौसी राज्यों में सस्ता है जबकि हिमाचल में यही सीमेंट महंगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार राज्य की जनता के हक लूट रही है। जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार ने झूठी गारंटियों के नाम पर राज्य की आर्थिक स्थिति को बदहाल कर दिया है। उन्होंने प्रदेश की जनता पर करों का बोझ डालने के लिए सरकार की आलोचना की। इस बीच जगत प्रकाश नड्डा आज से प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वे बिलासपुर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री 3 अक्तूबर को बिलासपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

**वृद्धजन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए रोगी मित्र योजना लाएगी। वृद्धों का ख्याल रखना और उनका सम्मान करना सरकार का दायित्व है और सरकार इसे बखूबी निभा रही है। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के मौके पर शिमला के रिज मैदान पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सामाजिक कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसके तहत सरकार अनाथ बच्चों, एकल नारी और बुजुर्गों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के नए मुख्य सचिव की शीघ्र नियुक्ति कर दी जाएगी।

**अग्निशमन**

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के चौड़ा मैदान से 14 नए अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर होमगार्ड के 7 सौ पदों को जल्द भरे जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन पदों को भरने से राज्य में आपातकालीन सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने ये भी कहा कि सरकार राज्य के दूरदराज क्षेत्रों में अग्निशमन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सेवा पर्व

सेवा और सुशासन के मंत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम चर्चा कर रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने वैश्विक साझेदारियों को मज़बूत किया है और भारत को विश्व पटल पर एक मज़बूत पक्ष के रूप में प्रस्तुत किया है।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक भागीदारी अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच गई है, इससे देश वैश्विक मंच पर एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में उभरा है। ग्लोबल साउथ के साथ भारत का जुड़ाव एक बहुध्रुवीय विश्व के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जिससे विकासशील देशों की आवाज सुनी जा सके।*

*पिछले वर्ष दिसंबर में जब भारत ने जी20 की अध्यक्षता संभाली तो हमने इस फॉरम में ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज को आगे बढाना अपना दायित्व माना। हमारी प्राथमिकता थी कि जी20 को ग्लोबल स्केल पर समावेशी और ह्यूमन सेंट्रिक बनाया जाए। जी20 का फोकस हो डेवलपमेंट ऑफ द पीपल, बाय द पीपल एंड फॉर द पीपल इसी उद्देश्य से हमने इस बार जनवरी में पहली बार वॉइस सब ग्लोबल साउथ समिट का आयोजन किया। इसका नतीजा रहा की न्यू दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन ग्लोबल साउथ के विषयों पर हमें सब की सहमति हासिल करने में कामयाबी मिली।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अंतरराष्ट्रीय यात्राओं ने भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाया है और साझेदारियों को सुदृढ किया है।

बहुध्रुवीयता और बदलते वैश्विक समीकरणों के बीच प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत, एक हितधारक के रूप में नहीं बल्कि बहुपक्षीय भागीदारी के संरक्षक के रूप में भी उभरा है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस ने 10 झूठी गारंटियां देकर प्रदेश की सत्ता हथियाई है और आज मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्री व विधायक जनता से आंख नहीं मिला पा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक बयान में कहा कि पहली ही कैबिनेट में एक लाख सरकारी नौकरियां देने का वायदा करने वाली कांग्रेस को वोट चोरी जैसा अभियान चलाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के नाम पर सिर्फ मित्रों और कांग्रेस नेताओं के परिवारों का विकास हो रहा है जबकि जनता छोटी–छोटी सुविधाओं के लिए तरस रही है।

## अनुराग ठाकुर

सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि जीएसटी सुधारों से बाजार में वस्तुओं की कीमतें कम हुई हैं और इससे आम जनता पर वित्तीय बोझ कम हुआ है। उन्होंने आज ऊना शहर में दुकानदारों के बीच जीएसटी सुधारों को लेकर आयोजित रोड शो के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल में जीएसटी सुधारों का लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है क्योंकि कांग्रेस सरकार ने सीमेंट, डीजल और पैट्रोल पर भारी टैक्स लगा दिए हैं। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि केंद्र से भारी राहत मिलने के बावजूद सुक्खू सरकार राज्य के लोगों को परेशान कर रही है।

## नवरात्र

शारदीय नवरात्र के नौवें व अंतिम दिन आज मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा–अर्चना की गई। इस दौरान लोगों ने कन्या पूजन का अनुष्ठान किया और देवी दुर्गा से आशीर्वाद व समृद्धि की प्रार्थना की। राजधानी शिमला सहित प्रदेश के सभी शक्तिपीठों में आज सुबह से ही माता के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस बीच राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने प्रदेशवासियों को विजय दशमी की शुभकामनाएं दी है। इन नेताओं ने अपने संदेश में कहा कि विजय दशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। ये पर्व न केवल हमारे नैतिक मूल्यों और परम्पराओं को मजबूत करता है बल्कि ये संदेश भी देता है कि बुराई का अंत हमेशा निश्चित है।

**आरट्रैक**

सेना प्रशिक्षण कमान आरट्रैक शिमला ने आज अपना 35वां स्थापना दिवस मनाया। आरट्रैक के जी.ओ.सी.–इन–सी. लैफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने आरट्रैक के 18 जवानों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जी.ओ.सी.–इन–सी. प्रशंसा प्रमाण पत्र और तीन प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों को वर्ष के लिए वित्तीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। लैफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने इस मौके पर कहा कि देश विकसित भारत की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आरट्रैक देश की सेना को परिवर्तन का दशक और तकनीकी आत्मसात का वर्ष, पहल के अनुरूप कार्य कर रहा है।

**बीएसएनएल**

प्रदेश में बीएसएनएल की 5जी सेवा अगले वर्ष से शुरू हो जाएगी। निगम के हिमाचल प्रदेश दूर संचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक चरण सिंह ने आज शिमला में बीएसएनएल की रजत जयंती के अवसर पर एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस सेवा के लिए बीएसएनएल के मौजूदा स्वदेशी 4जी मोबाईल टावरों को अपग्रेड किया जाएगा। इन टावरों का हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुभारम्भ किया था। चरण सिंह ने कहा कि 4जी मोबाईल टावर राज्य के लाहौल स्पिति, किन्नौर, पांगी, भरमौर और तीसा के क्षेत्रों के दूरदराज के गांवों में 4 जी कवरेज सुनिश्चित करेंगे।

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– आर.एस.एस. राष्ट्र निर्माण के लिए कार्यरत।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा– प्रदेश की जनता के हक लूट रही है कांग्रेस सरकार।
- वृद्धजनों की स्वास्थ्य जांच के लिए रोगी मित्र योजना लाएगी राज्य सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–विकास के नाम पर सिर्फ मित्रों और कांग्रेस नेताओं के परिवारों का विकास कर रही है प्रदेश सरकार।

और

- शारदीय नवरात्रों के अंतिम दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़–राज्यपाल मुख्यमंत्री और अन्य नेताओं ने प्रदेशवासियों को दी विजय दशमी की शुभकामनाएं।